वर्ष 02 | अंक 56 | पृष्ठ 04 | मूल्य 5 ₹ | बुरहानपुर, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025 | कृष्ण माघ 6 पतिपदा संवत् 2081

मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट, गुजरात में एक साथ प्रसारित....

दैनिक

# प्रदेश स्वराज

R.N.I. No. MPHIN/2023/89085

प्रधान संपादकः दिनेश शिवहरे

E-paper: www.pradeshswaraaj.com

E-mail: pradeshswaraj25@gmail.com

## बड़ा खुलासा! 'चाय वाले ने फैलाई ट्रेन में आग की झूठी अफवाह', भरोसा करके चलती गाड़ी से कूद पड़े पैसेंजर

# लोग ट्रेन से उतरकर ट्रैक पर खड़े थे, दूसरी ट्रेन ने कुचल दिया, 13 की मौत

प्रदेश स्वराज ● जलगांव

महाराष्ट्र के जलगांव के पास बुधवार को हुए रेल हादसे को लेकर एक हैरान करने वाला खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि एक चायवाले ने पुष्पक एक्सप्रेस नामक ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैला दी, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और यात्री चेन खींचकर ट्रेन से कूदने लगे। इसके बाद यात्री दूसरी पटरी पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में 13 लोगों की जान चली गई। हाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जलगांव ट्रेन हादसा एक अफवाह के कारण हुआ। दरअसल, एक चायवाले ने ट्रेन के अंदर आग लगने की झूठी खबर दी थी, जिससे यात्री घबरा गए और ट्रेन से कूदने लगे। आपको बता दें कि यह हादसा लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में हुआ। अलार्म चेन खींचने के बाद ट्रेन से उतरने का फैसला करने वाले कुछ यात्री बुधवार शाम जलगांव जिले में बगल की पटरी पर बेंगलुरु से दिल्ली जा रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए।



### मृतकों के परिजन को मिलेगा मुआवजा

ये हादसा करीब बुधवार शाम 4:40 पर पाचोरा स्टेशन के पास हुआ। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक कोच के अंदर 'हॉट एक्सल' या 'ब्रेक-बाइंडिंग (जैमिंग)' के कारण चिंगारी उठी और कुछ यात्री घबरा गए। उन्होंने चेन खींच दी और नीचे कूद गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मृतकों के परिजनों को 1.5-1.5 लाख रुपए, गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 5-5 हजार रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। मारे गए 13 लोगों में से 10 की पहचान हो गई है। वहीं तीन की अभी तक कोई पहचान नहीं हो पाई है।

### कैसे हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक, हादसा बुधवार (22 जनवरी) शाम करीब 4:42 बजे महाराष्ट्र जलगांव और पचौरा स्टेशन के बीच हुआ। कर्नाटक एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 12627) बेंगलुरु से नई दिल्ली जा रही थी। वहीं पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी। ट्रेन मुंबई से 425 किमी पहले जलगांव के पचोरा स्टेशन के करीब पहुंची थी, तभी अचानक दावा किया गया कि पुष्पक एक्सप्रेस की B-4 बोगी के पहिए से धुआं उठता देखा गया है। जिसके बाद अफवाह फैली कि बोगी में आग लग गई है। इसी अफवाह के बाद चेन पुलिंग हुई और ट्रेन रुक गई। जिसके बाद घबराए लोग ट्रेन से नीचे उतर गए, तभी दूसरी दिशा से आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने इन यात्रियों को कुचल दिया।

## इंदौर में फोटोग्राफर की आत्महत्या को लेकर आक्रोश

**इंदौर,** पत्नी, सास, सालियों और राजस्थान पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या करने वाले इंदौर के फोटोग्राफर नितिन पडियार को न्याय दिलाने के लिए गुरुवार शाम प्रदर्शन किया गया। संस्था पौरुष की अगुआई में हुए इस आंदोलन में बेटों को न्याय दिलाने के लिए नारेबाजी की गई। संस्था 'पौरुष' ने गुरुवार शाम को मरीमाता चौराहा पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में संस्था के कार्यकर्ताओं के साथ नितिन के परिवार के लोग भी शामिल हुए। ये सभी रैली के रूप में चौराहा पर पहुंचे। यहां जमकर विरोध प्रदर्शन कर ससुराल पक्ष के लोगों और राजस्थान पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही इन सभी पर कार्रवाई करने की मांग की गई।

## भोपाल में तेज आवाज में नहीं बजेगा लाउडस्पीकर

**भोपाल,** भोपाल में लाउड स्पीकर और डीजे को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आदेश जारी किए हैं। रात 10 से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार का साउंड सिस्टम बंद रहेगा। वहीं, डीजे यूनिट पर सिर्फ एक साउंड सिस्टम ही लगा सकेंगे। गुरुवार से ही यह आदेश लागू हो गया है। कलेक्टर सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। इसमें जिले के सभी धार्मिक स्थल, औद्योगिक, कमर्शियल, रहवासी में ध्वनि यंत्रों (लाउडस्पीकर, डीजे) के अनियंत्रित एवं नियम खिलाफ प्रयोग पर रोक लगाने की बात कही गई है।

## नशे में 100 की रफ्तार से कार दौड़ाई, चार गाड़ियों को रौंदा

**इंदौर,** इंदौर के सदर बाजार इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने घर के बाहर खड़ी चार गाड़ियों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद कार फुटपाथ पर चढ़कर एक दुकान और एटीएम में जा घुसी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकल आए। कार में सवार पांच में से दो युवक मौके से भाग गए, जबकि तीन को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## दो लाख रुपए की बाइक चोरी

उज्जैन में बेखौफ चोर घर के अंदर से गाड़ियों की चोरी कर रहे है। वो भी तब जब रास्ते में आवाजाही लगी हो। ऐसा ही एक मामला चिंतामन रोड का आया है। यहां बीती रात तीन बदमाशों ने घर के अंदर रखी 2 लाख रुपए से अधिक के कीमत की बाइक आर वन 5 चोरी कर ली। चिंतामन रोड स्थित गंगा गार्डन के पास रहने वाले अजय बागवान ने बताया कि करीब दो साल पहले दो लाख बीस हजार रुपए में आर वन 5 गाडी क्रमांक (MP 13 FQ 6030) खरीदी थी। गुरुवार सुबह उठे तो घर से बाइक गायब मिली। आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि तड़के करीब 4:34 पर तीन बदमाश बुलेट से आए उन्होंने रेकी कर घर के आंगन में रखी बाइक को निकाला और कुछ ही देर में बाइक लेकर फरार हो गए।

## एम्बुलेंस नहीं आई तो पुलिस गाड़ी से एम्स पहुंचाया ऑर्गन

# भोपाल में धड़केगा दिल तो इंदौर में लिवर, दो लोगों को नई जिंदगी दे गए बलिराम

प्रदेश स्वराज ● जबलपुर

भोपाल/जबलपुर। मानव जीवन की रक्षा के लिए जबलपुर में ग्रीन कॉरिडोर बनाकर हार्ट और लिवर इंदौर और भोपाल भेजे गए, जिससे दो लोगों को नई जिंदगी मिलेगी। दरअसल, सागर के रहने वाले 61 साल के बलिराम कुशवाहा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी, उन्हें इलाज के लिए जबलपुर के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने बलिराम का ब्रेन डेड बताया। जिसके बाद बलिराम के परिजनों ने उनके अंग डोनेट करने का फैसला लिया। बता दें कि, हार्ट को भोपाल के एम्स भेजने के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज से डुमना एयरपोर्ट तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। ग्रीन कॉरिडोर जबलपुर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल से डुमना एयरपोर्ट तक के लिए बनाया गया। इसके बाद हर्ट को भोपाल भेजा गया। वहीं, लिवर के लिए तिलवारा में हेलीपेड बनाया गया। हेलिकॉप्टर के जरिए लिवर को भी इंदौर के चोइथराम हॉस्पिटल भेजा गया है।






### डेढ़ सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी रहे तैनात

जबलपुर में यह अपनी तरह का पहला ग्रीन कॉरिडोर है, जिसके जरिए मानव जीवन की रक्षा के लिए ऑर्गन्स को इंदौर और भोपाल भेजा गया है। ग्रीन कॉरिडोर में डेढ़ सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी और जगह-जगह सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए, ताकि समय पर ऑर्गन्स को जगह पर भेजा जा सके। तय समय पर ऑर्गन्स को निर्धारित जगहों पर भेजने के लिए पुलिस-प्रशासन और स्वास्थ्य महत्व की टीमें पूरी तरह मुस्तैदी से जुटी रही।

## इंदौर में छत से कूदा तेंदुआ, भगदड़ मची



प्रदेश स्वराज ● इंदौर

इंदौर के खुड़ैल इलाके में गुरुवार दोपहर एक तेंदुआ निर्माणाधीन मकान में बैठा दिखाई दिया। भगाने की कोशिश की गई तो वह लोगों की तरफ झपटा। इससे इलाके में भगदड़ मच गई। घटना का वीडियो सामने आया है। मामला देवगुराड़िया गांव के मानसरोवर नगर का है। तेंदुए को सबसे पहले मकान में काम कर रहे मजदूरों ने देखा। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेस्ट विभाग को इसकी जानकारी दी।

# मध्य प्रदेश के इन 17 शहरों में नहीं बिकेगी शराब!

### सीएम मोहन यादव ने कर दिया बड़ा ऐलान

प्रदेश स्वराज ● उज्जैन

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शराबबंदी को लेकर उज्जैन में बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि सरकार धार्मिक नगरों में शराबबंदी करने को लेकर आगे कदम बढ़ा रही है. उम्मीद की जा रही है कि 1 अप्रैल से मध्य प्रदेश के कई धार्मिक शहरों में शराब बंद हो जाएगी. मंगलवार (21 जनवरी) को मोहन यादव उज्जैन पहुंचे. उन्होंने अमर शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर पहुंचकर बलिदान दिवस के अवसर पर माल्यार्पण किया. इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद रखना बेहद आवश्यक है. मोहन यादव ने कहा, "देश की आजादी के लिए कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपने प्राण की आहुति तक दे दी. इन्हीं में हेमू कालानी भी शामिल थे. वे हर साल बलिदान दिवस पर हेमू कालानी की प्रतिमा को माल्यार्पण करने के लिए आते हैं." उज्जैन के अमर शहीद जवान हेमू कालानी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर स्थानीय मुद्दों पर विचार साझा किए।

### इन शहरों में हो सकती है शराबबंदी

मध्य प्रदेश में शराब बंदी को लेकर सीएम मोहन यादव ने बड़ा ऐलान कर दिया है. सीएम मोहन यादव ने कहा कि अगर शराब पर प्रतिबंध लगाया गया तो उज्जैन समेत मध्य प्रदेश के 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी लागू हो जाएगी. इनमें अमरकंटक, महेश्वर, ओरछा, ओंकारेश्वर, मंडला, मुलताई, दतिया, जबलपुर, चित्रकूट, मैहर, सलकनपुर, मंडलेश्वर, मंदसौर, बरमान और पन्ना के नाम शामिल हो सकते हैं.

## महाकुंभ से लौट रहे परिवार की कार हादसे का शिकार

प्रदेश स्वराज ● कटनी

कटनी। मुंबई से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे एक परिवार की कार गुरुवार सुबह स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के एनएच बाइपास के घुघरी मोड़ पर खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। स्लीमनाबाद पुलिस ने बताया कि झारखंड के मूल निवासी शाह परिवार मुंबई में रहता है। परिवार के सदस्य कार से महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे, जब उनकी कार एनएच बाइपास के घुघरी मोड़ पर पहुंची, तभी चालक को नींद का झोंका आ गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी।




## महाकाल मंदिर क्षेत्र में अब मोबाइल बैन, श्रद्धालु नहीं बना सकेंगे रील्स

प्रदेश स्वराज ● उज्जैन

**उज्जैन।** देश के बारह ज्योर्तिलिंगों में से एक महाकाल मंदिर क्षेत्र में अब दर्शनार्थी रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल नहीं कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने फिल्मी गीतों पर बनाए जाने वाले रील्स पर नियंत्रण के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है, जिसे गुरुवार को कलेक्टर और मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह को प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर की अनुमति के बाद मंदिर परिसर में मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा।



# प्रदेश में नर्म पड़ा सर्दी का मिजाज़

### एक बार फिर लौटेगी कड़ाके की ठंड

प्रदेश स्वराज ● भोपाल

भोपाल। मध्य प्रदेश में इन दिनों लोगों को ठंड से थोड़ी राहत है। दिन और रात का मौसम बीते कई दिनों से शुष्क बना हुआ है, जिसके चलते दिन भर तीखी धूप खिली रहती है। वहीं, रात होते ही सर्द हवाएं चलने लगती है। फिलहाल, प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार एक साथ सक्रिय दो पश्चिमी विक्षोभ होने की वजह से दिन-रात के तापमान में उछाल देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने आज सभी संभागों के जिलों के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। हालांकि, कुछ दिनों बाद फिर ठंड दस्तक दे सकती है। बुधवार के मौसम की बात करें तो प्रदेश के पचमढ़ी में सबसे कम 7.6 डिग्री तापमान में दर्ज किया गया। प्रदेश के अधिकांश शहरों के दिन के अधिकतम तापमान में उछाल देखा गया। इसमें रीवा, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा और सागर संभाग के जिले शामिल हैं। रात के न्यूनतम तापमान की बात करें तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग के जिलों में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं, अन्य सभी संभागों के जिलों में तापमान सामान्य रहा। हालांकि, बुधवार को ग्वालियर, मुरैना व इंदौर जिलों में ही हल्का कोहरा देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो जनवरी का आखरी सप्ताह ठंड के चरम पर होता है और इस बार भी ऐसा ही होने के संकेत हैं। अगले 72 घंटे में प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने हो सकता है। 24 या 25 जनवरी से ठंड का दौर एक बार फिर शुरू हो सकता है।



# सीएम मोहन यादव ने भोपाल के सबसे लंबे ब्रिज का किया लोकार्पण

प्रदेश स्वराज ● भोपाल

भोपाल को आज सबसे लंबे GG (गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक) फ्लाई ओवर की सौगात मिल गई है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने ब्रिज का उद्घाटन किया। सीएम ने ब्रिज का नाम अंबेडकर के नाम पर करने का ऐलान किया है। अब इस ब्रिज से एमपी नगर का 60 प्रतिशत ट्रैफिक गुजरेगा। पौने 3 किमी लंबे इस ब्रिज से सिर्फ 5 मिनट में ये दूरी पूरी हो जाएगी, जबकि पहले ट्रैफिक की वजह से 30 मिनट से ज्यादा का समय लग जाता था। आपको बता दें कि, भोपाल का सबसे लंबा फ्लाईओवर है, जो 2734 मीटर का है। करीब दो साल देरी से बनकर तैयार हुए इस फ्लाईओवर के लोकार्पण की अबतक 8 बार तारीखें बदली जा चुकी हैं। इसके लोकार्पण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी तक का नाम सामने आ चुका है, लेकिन अब आज ब्रिज का लोकार्पण सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया और इसे आमजन के लिए खोल दिया इस फ्लाईओवर से करीब 60 फीसदी ट्रैफिक गणेश मंदिर के पास उतर जाएगा। सिर्फ एमपी नगर, ज्योति टॉकीज चौराहा, बोर्ड ऑफिस चौराहा या व्यापमं चौराहा से होकर अपने मुकाम पर जाने वाले वाहन चालक ही फ्लाईओवर पर नहीं जाएंगे। इससे फायदा ये होगा कि इन चारों स्पॉट पर ट्रैफिक जाम नही होगा और एमपी नगर जाने वाली सड़क का 60 फीसदी ट्रैफिक जीजी फ्लायओवर से होकर गुजर जाएगा। इसका बड़ा फायदा ये होगा कि जहां अब तक अरेरा हिल्स से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में 15 से 20 मिनट लगते थे, वहीं इस ब्रिज से गुजरने के बाद सिर्फ 5 मिनट लगेंगे।



श्री बालाजी हॉस्पिटल
Your Health Is Our Priority
24 hr EMERGENCY SERVICE 9039790576 9871315205
संजय नगर, गुर्जर भवन के सामने, अमरावती रोड़, बुरहानपुर (म.प्र.) E-mail: shribalajihospital11@gmail.com

## परिवहन विभाग द्वारा 48 यात्री बसों, स्कूल बसों की गई जांच

प्रदेश स्वराज ● सतीश चौहान
98263 46902



परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश के पालन में परिवहन विभाग द्वारा इन्दौर रोड़, देड़तालाई रोड़, शाहपुर रोड़ पर कुल 48 यात्री बसों, स्कूल बसों की जांच की गई। जांच में यात्री बसों में पी.यू.सी. ड्रायवर कंडेक्टर वर्दी एवं अन्य वैध दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान स्कूल बसों एवं यात्री बसों में कमीया पाई जाने पर कुल 9 वाहनों से शमन शुल्क रूपये 30,000/- वसूला गया एवं 02 यात्री वाहन जप्त किये गये। जांच दल में जिला परिवहन अधिकारी जगदीश बिल्लोरे, सहायक सी.एस. बाथम, संतोष कनेछ, नगर सैनिक चेतन जाधय, पवन दांगौरे, रूपेश ठाकुर के द्वारा जांच दल में सहयोग किया गया। जाच निरंतर जारी रहेगी।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती पर अर्चना चिटनिस ने किया नमन





प्रदेश स्वराज ● डॉ. प्रविण पाटील
98263 46902

बुरहानपुर। विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) एवं महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जंयती पर सुभाष चौक स्थित स्थित प्रतिमा एवं तेलचित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस देश के नायक हैं, कदम-कदम पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी ने देशभक्ति के नई मिसाल पेश की है।श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी ने आजाद हिंद फौज नाम से अस्थाई सरकार बनाकर अंग्रेजों को बहुत बड़ी चुनौती दी। कई देशों से उनकी सरकार को मान्यता भी मिली। उनके जीवन के विविध पक्षों को समाज के बीच लाना चाहिए।श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि भारत के नौजवानों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी ने देशभक्ति का जो संदेश दिया हम सब संकल्प लेकर आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत रत्न स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की देशभक्ति का सम्मान करते हुए सम्मान दिलाने के लिए कार्य किया। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी का अपमान करने का काम किया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए इस्तीफा देना पड़ा था, यह जग जाहिर है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती पर आज हम उनके देशभक्ति के लिए किए गए कार्यों को याद कर उनके बताए गए रास्तों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, नगर निगमाध्यक्ष श्रीमती अनिता अमर यादव, चिंतामन महाजन, जगदीश कपूर, बलराज नावानी, श्रीमती उमा कपूर, रवि काकड़े, देवेन्द्र राठौर, अक्षय मोरे, रूद्रेश्वर एंडोले, संभाजीराव सगरे, शिवकुमार पासी, ईश्वर चौहान, विजय राठौर, गौरव शिवहरे एवं अमित परमेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

### ब्रीफ न्यूज

## दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में 3 गंभीर घायल



**बुरहानपुर**। बुरहानपुर में इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। असीरगढ़ निबोला के पास शाम करीब 4 बजे हुए हादसे में दो बाइकें आमने-सामने से टकरा गईं। एंबुलेंस 108 के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अंकित नागर ने बताया कि एक बाइक खंडवा की तरफ से आ रही थी, जबकि दूसरी बुरहानपुर से खंडवा की ओर जा रही थी। टक्कर में रोहिणी गांव के आत्माराम (30), मनीषा (20) और 12 वर्षीय प्रतीका गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 की टीम मौके पर पहुंची। ईएमटी कुंदन बडोले और पायलट सैयद अहमद अली ने घायलों को तत्काल बुरहानपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का इलाज जारी है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए काम किए

## भाजपा के संविधान गौरव अभियान अंतर्गत ग्राम जैनाबाद में हुआ संगोष्टि का आयोजन

प्रदेश स्वराज ● सतीश चौहान
98263 46902



बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत ग्राम जैनाबाद के सम्राट अशोक नगर में संगोष्टी का आयोजन किया गया। डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया किया। कार्यकर्ता और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा- केंद की भाजपा सरकार ने प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए बहुत सारे काम किए है। सबसे पहले सभी के जनधन के खाते खुलवाए। ये खाते खुलने से शासन की योजनाओं का पैसा सीधे खाते में आने लगा। छोटे से बड़े व्यवसाय के लिए 25 लाख रुपए तक का मुद्रा लोन योजना लाए। देशभर में सवा दो करोड़ लोगों ने व्यवसाय के लिए मुद्रा लोन का लाभ उठाया। जिसमें से पांच से साढ़े पांच लाख अनुसूचित जाति वर्ग के भाइयों-बहनों ने लाभ लिया है। भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए ऐसे बहुत सारे विकास के काम किए। कांग्रेस ने तो इस वर्ग के मतदाताओं को सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखा। ना शिक्षित करने का काम किया। ना रोजगार से लगाने का काम किया। न व्यवसाय में आगे बढ़ाने का काम किया। किसी भी दृष्टि से अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए कांग्रेस ने 70 साल में कुछ भी नहीं किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा- संविधान का सम्मान ही भाजपा की पहचान है। और भाजपा का हर कार्यकर्ता इसके लिए दृढ़ संकल्पित है। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू ने कहा- संविधान में महिलाओं के लिए भी अंबेडकर जी ने कई अधिकार दिए है। जिसमें महिलाओं की शिक्षा का अधिकार, वोट देने का अधिकार जैसे अनगिनत अधिकार है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, नेपानगर विधायक मंजू दादू, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष इश्वर चौहान, वरिष्ठ गोकुल प्रजापति, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र इंगले, सरपंच प्रतिनिध कुशवाह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आयुष्यमान कार्ड को लेकर निगम आयुक्त ने निगम अधिकारी महिला बाल विकास के अधिकारी की ली मीटिंग



प्रदेश स्वराज ● डॉ. प्रविण पाटील
98263 46902

**बुरहानपुर,** नगर निगम के एम आई सी सभागृह में गुरुवार को हुई आयुष्यमान कार्ड की समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने आयुष्मान कार्ड को लेकर सख्त नजर आए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सी डी पी ओ सुपर वाइजर ए आर आई कंप्यूटर ऑपरेटर अपने अपने वार्डो में शेष बचे आयुष्मान कार्ड बनाने में कोई भी लापरवाही नहीं चलेगी जितने भी आयुष्यमान कार्ड बचे उन्हें जल्द से जल्द बनाकर पूर्ण करे निगम आयुक्त ने बताया कि आयुष्यमान कार्ड में प्रगति नहीं हो पा रही है। सभी को सख्त निर्देश दिए कि 80 प्रतिशत तक हर हाल में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड तथा कर्मकार मंडल के कार्ड जल्दी से जल्दी बनाकर पूर्ण करे उन्होंने कहा है कि इस कार्य को प्राथमिकता पर किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सुगम स्थान पर शिविर लगाएं, बुजुर्गों के घर-घर जाकर भी आयुष्मान कार्ड बनाएं। नगर निगम मोबाइल आयुष्मान कार्ड बनाए और कोई भी नागरिक बिना आयुष्मान कार्ड से वंचित नहीं होना चाहिए।इस समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव उपायुक्त वित्त शैलेश गुप्ता,सुपर वाइजर रीता शाह, सी डी पी ओ सोलंकी,स्वास्थ विभाग से विजय सोनी,संजू बरड़े अशफाक अंसारी,सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया,श्याम श्रीवास्तव उमर आरिफ आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे



हर ताज़ा खबर सीधे आप तक
सबसे पहले
खबर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
www.pradeshswaraaj.com
Call : 7522005202
डॉ. प्रविण पाटील (सह-संपादक)

## देश में बिजली, पानी, अन्ना बचाने, स्वच्छता अपनाकर वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने की आवश्यकता है- जिलाध्यक्ष डॉ. माने

प्रदेश स्वराज ● डॉ. प्रविण पाटील
98263 46902





बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी बुरहानपुर जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने जी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती पर शहर के सुभाष चौक स्थित उनकी प्रतिमा एवं तेल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्कूली बच्चों को टॉफियां वितरित कर भारत माता के जयकारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने जी ने कहा- भारत में जो हमारे वीर सपूत हुए। जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों को न्यौझावर किया है। उनका सपना था कि भारत सिरमौर बने। दुनिया का सबसे ताकतवर देश व विश्व गुरु बनकर उभरे। माननीय प्रधारमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य रखा है। अब हमें उसके लिए किसी बॉर्डर पर जाकर सिर्फ युद्ध लड़ने की ही आवश्यकता नहीं है। अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि प्रत्येक नागरिक को सरकार के साथ छोटा-छोटा योगदान देने की आवश्यकता है। आज हमें पानी बचाना होगा। कहीं भी पानी को व्यर्थ बहने न दें। बेवजह पानी के अपव्यय को रोकना होगा। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। अपने आसपास सफाई, स्वच्छता पर ध्यान देना होगा। अपने आसपास, सड़कों, नाली में कचरा नहीं फेंकना है। अन्ना का भी दुरुयोग नहीं करना है। विवाह समारोह या अन्य किसी भी जगह भोजन की जितनी आवश्यकता हो, उतना ही थाली में लें। बचा हुआ भोजन फेंके नहीं। बिजली का दुरुपयोग नहीं करें। जिस कमरे, परिसर में जितनी आवश्यकता हो, उतनी ही बिजली का उपयोग करें। यहीं आपके छोटे-छोटे योगदान देश को आगे बढाने का काम करेंगे। कार्यक्रम को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने पर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनीस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती उमा कपूर, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, वरिष्ठ बलराज नावानी, वरिष्ठ जगदीश कपूर, जिला मंत्री संभाजी सगरे, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष ईश्वर चौहान, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राठौर (चिंटू), अक्षय मोरे, रवि काकड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष रुद्रेश्वर एंडोले, शिवकुमार पासी, जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश पूर्वे, कार्यालय मंत्री करण प्रजापति, सोशल मीडिया जिला संयोजक युवराज महाजन, विजय राठौर, गौरव शिवहरे, अमित परमेकर, एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राएं सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विधायक अर्चना चिटनिस ने 34.78 लाख की लागत से श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर के सभामंडप और सौंदर्यीकरण सहित अन्य विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

प्रदेश स्वराज ● सतीश चौहान
98263 46902



बुरहानपुर। विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने ग्राम एमागिर्द के उतावली स्थित श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर परिसर अंतर्गत सभामंडप, सौंदर्यीकरण सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए 34.78 लाख रुपए की लागत कार्यों का विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि जनता जनप्रतिनिधियों को विकास के लिए चुनती है। विकास की कल्पना, विकास की योजना और विकास को स्वीकृत कराकर विकास मूर्तरूप दिलाना ही हमारा प्रयास होना चाहिए। शासन धनराशि देने में कभी कमी नहीं करता। मध्यप्रदेश में तीव्र विकास इस बात का प्रमाण है कि भाजपा जो कहती है सो करती है इसीलिए मैंने भाजपा की विचार धारा से जो सीखा उसके परिणाम स्वरूप ही अपनी कार्य पद्धति अपनाई जिससे बुरहानपुर हो या नेपानगर जहां भी अवसर मिला विकास में कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को पर्याप्त अधिकार दिए गए हैं। पंच-सरपंचों की भूमिका गांव के विकास के साथ-साथ प्रत्येक घर की चिंता करने वाले मुखिया जैसी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंच-सरपंच आपसी समन्वय के साथ गांव के विकास के लिए कार्य करें। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मंदिर प्रांगण को विभिन्न सुविधाओं से युक्त करते हुए आकर्षित बनाया जाएगा। अब इस पावन स्थल पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुगमता का सुखद अनुभव हो सकेगा। इस अवसर पर श्री प्रेमचंद हनुमान मंदिर तक पहंुच मार्ग हेतु 12 लाख रूपए की लागत सीमेंटीकरण रोड निर्माण, 3.85 लाख रूपए की लागत से सीसी नाली निर्माण, 10.93 लाख की लागत से बाढ़ रोधक दीवार का निर्माण, 8 लाख रूपए की लागत से सभा मंडप निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पवार, योगेश महाजन, आशीष शर्मा, दिनेश सुगंधी, बाल्या महाराज, मशर्रत हुसैन, देवीदास पाटिल, विनोद कोली, नरहरी दीक्षित, मनोज महाजन, सरपंच अब्दुल शाहिद, रूद्रेश्वर एंडोले, संभाजीराव सगरे, किशोर कामठे, रूपेश लिहनकर, रामदास पाटिल, शिवकुमार पासी, दीपक महाजन, चिंटू राठौर, अक्षय मोरे, आकाश राखुंडे, अमोल यादव, भूरा सरपंच, प्रविण घेयटे एवं साहेबराव शंखपाल, भूरा मेम्बर एवं समस्त पंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं भक्तों सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

R N I No MPHIN/2023/89085




## राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच कानपुर ने



प्रदेश स्वराज ● संजय कुमार

कानपुर -आज विशाल श्रीवास्तव जिला महा सचिव, कायस्थ एकता मंच, कानपुर मुख्यालय, कानपुर जनपद के कार्यालय दूसरी मंजिल, शंकर सिंह मार्केट.121/636 शास्त्री नगर, कानपुर-208005राहुल स्वीट हाउस के बगल में विजय नगर।ऋचा इलेक्ट्रॉनिक्स के सामने, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर भव्य समारोह मनाया गया इस अवसर पर कायस्थ राजेश श्रीवास्तव राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,कायस्थ स्वाति सक्सेना प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा , कायस्थ धीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव, कायस्थ राजकुमार श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष कानपुर, कायस्थ विशाल श्रीवास्तव जिला महासचिव, कायस्थ राजेश निगम जिला सचिव, कायस्थ जीतेन्द्र श्रीवास्तव जिला सचिव, कायस्थ प्रदीप श्रीवास्तव, कायस्थ प्रमोद श्रीवास्तव, कायस्थ अशोक श्रीवास्तव, कायस्थ संदीप श्रीवास्तव और कायस्थ वीरेंद्र सक्सेना जीकी महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

## जयंती पर याद किए गए सुभाष चंद्र बोस

# कायस्थ समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि



दयाशंकर निगम। जिला ब्यूरो
94152 73271
दैनिक प्रदेश स्वराज

जौनपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के कैंप कार्यालय पर पराक्रम दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर नेताजी को याद किया गया।अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव/जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कह कि सुबह चंद्र बोस के नाम के आगे नेताजी लगाया जाता है, जो लोगों द्वारा उनको दिया गया उपनाम है, उनके आदर्श, नेतृत्व क्षमता जोशीले भाषण देश भक्ति के नारे आज भी याद किए जाते है। उन्हें साहस और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है, इसी कारण सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है।राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम ने कहा कि नेताजी का जन्म 23 जनवरी 1897 को कटक उड़ीसा के एक कायस्थ परिवार में हुआ था। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा। दिल्ली







चलो। जय हिंद जैसे उनके प्रसिद्ध नारे थे।वरिष्ठ कायस्थ नेता आनंद मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि 1942 तक एक मजबूत सशस्त्र बल का सपना लिए नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना किया जिसके प्रमुख रास बिहारी बोस थे। नीलमणि श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव डीओ , पंकज श्रीवास्तव हैपी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदीप अस्थाना, एस सी लाल, शशि श्रीवास्तव गुड्डू, नीरज श्रीवास्तव ,ब्रहम कुमार निगम आकाश श्रीवास्तव, दिनेश यादव फौजी, विजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय अस्थाना ने किया।

## देश में आपसी में विद्वेष को समाप्त करना और हिंदू मुस्लिम एकता को बनाए रखना ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस को सच्ची श्रद्धांजलि : अरुण कुमार श्रीवास्तव,



प्रदेश स्वराज ● संजय कुमार

**गोरखपुर,** विश्व शांति मिशन के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर सिधारीपुर , सुभाष नगर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर विश्व शांति मिशन और भारतीय किसान यूनियन सेकुलर के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे क्रांतिकारियों की देन है कि आज हम भारत में स्वच्छंद रूप से रह रहे हैं ,उन्होंने अपनी आजाद हिंद फौज के साथ अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालने के लिए देश में क्रांति का बिगुल बजा दिया था और भारत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था। अगर द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की हार नहीं होती तो भारत बहुत पहले ही स्वतंत्र हो चुका होता ,उनके तीन सेनापतियों ढिल्लन, सहगल और शाहनवाज खान जिनके ऊपर लाल किले में अंग्रेजों द्वारा मुकदमा चलाया गया था और सजा सुनाई गई, नेताजी ने कहा था कि हम उसी लाल किले पर तिरंगा फहरा करके देश को आज़ाद कराएंगे जिस लाल किले पर मेरे सेनापतियों के ऊपर मुकदमा चलाया गया है।

# मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के सम्मुख स्थितउनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी



संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
दैनिक प्रदेश स्वराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत की आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आज पावन जयन्ती है। नेताजी ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आजादी के आन्दोलन को नई दिशा प्रदान की थी। उनके व्यक्तित्व से राष्ट्र के प्रति निष्ठा का भाव, असीम साहस, वीरता और निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा प्राप्त होती है।मुख्यमंत्री जी आज यहां नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती 'पराक्रम दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश सरकार व प्रदेशवासियों की ओर से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के सम्मुख स्थित उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के अभियान में दिए गए योगदान के कारण प्रत्येक भारतवासी नेताजी के प्रति अत्यन्त श्रद्धा व सम्मान का भाव रखता है। वर्ष 2021 में नेताजी के इस योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित



करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 23 जनवरी की तिथि को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। युवाओं को प्रेरणा प्रदान करने के लिए देश में युवा पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसके अन्तर्गत स्वामी विवेकानंद की जयन्ती से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कथनी तथा करनी में समानता रखने वाले व्यक्ति द्वारा किया गया आह्वान मंत्र बन जाता है। देश की आजादी की लड़ाई के दौरान उनके द्वारा किया गया आह्वान कि 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' भारत के नागरिकों के लिए मंत्र बन गया था। इस नारे ने युवाओं को देश की आजादी की लड़ाई में भाग लेने के लिए अत्यन्त प्रोत्साहित किया। ब्रिटिश हुकूमत को नेताजी को नजरबंद व कैद करने के लिए विवश होना पड़ा। उन्होंने अंग्रेजों की नजरबंदी से बाहर निकल कर व जर्मनी व जापान सहित दुनिया के अनेक देशों का सहयोग प्राप्त कर, भारत की स्वतंत्रता की मुहिम को आगे बढ़ाया तथा युवा शक्ति को जाग्रत किया।

## इंदौर में छत से कूदा तेंदुआ, भगदड़ मची



प्रदेश स्वराज ● इंदौर

इंदौर के खुड़ैल इलाके में गुरुवार दोपहर एक तेंदुआ निर्माणाधीन मकान में बैठा दिखाई दिया। भगाने की कोशिश की गई तो वह लोगों की तरफ झपटा।इससे इलाके में भगदड़ मच गई। घटना का वीडियो सामने आया है।मामला देवगुराड़िया गांव के मानसरोवर नगर का है। तेंदुए को सबसे पहले मकान में काम कर रहे मजदूरों ने देखा।घटना की सूचना कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फॉरेस्ट विभाग को इसकी जानकारी दी।

## नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई





संजय कुमार, स्थानीय संपादक
75220 05202
दैनिक प्रदेश स्वराज

फर्रूखाबाद -आज नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई एह कार्यक्रम राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता सक्सेना के नेतृत्व में उनके निवास पर मनाया गया कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कायस्थ हरेन्द्र सक्सेना 'नगर अध्यक्ष कायस्थ अशोक सक्सेना महामंत्री कायस्थ रूप कुमार 'वरिष्ठ उपाध्यक्ष कायस्थ नीरज सक्सेना 'संयुक्त मंत्री कायस्थ अंकित सक्सेना कायस्थ ओमप्रकाश चैत्र बंशी महेश स्वरूप सक्सेना दिनेश स्वरूप सक्सेना शैलेन्द्र सक्सेना अजय सक्सेना बृजकिशोर सक्सेना डॉ प्रेम निवास सक्सेना श्याम सक्सेना अजय सक्सेना 'नीशू 'अनिल सक्सेना मनोज सक्सेना कायस्थ आतिश सक्सेना कायस्थ अक्षत 'कायस्थ महीप 'कायस्थ मानसी कोमल 'मनोरमा 'पुष्पा कायस्थ सुमन आदि उपस्थिति रहे

# राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच गोरखपुर ईकाई ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती समारोह मनाया

प्रदेश स्वराज ● संजय कुमार

गोरखपुर -राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच गोरखपुर ईकाई ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती समारोह मनाया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ संजय भैया ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन के बारे में बारे में विस्तार से जानकारी दिया। नेताजी की वीरता और साहस को देखकर ही आज के दिन को भारत सरकार प्राक्रम दिवस भी मनाती है। इसके बाद पैडलेगंज चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर के जिला अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव पूर्व कोषाध्यक्ष सुधांशु कुमार श्रीवास्तव राष्ट्रीय महासचिव ओमप्रकाश श्रीवास्तव जी आनंद स्वरूप, लक्ष्मी नारायण राही, गौरीश चंद्र श्रीवास्तव सहित संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयंती का हुआ भव्य आयोजन



प्रदेश स्वराज ● पंकज श्रीवास्तव

बहराइच।राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच द्वारा मांटेसरी स्कूल मेवातीपुरा सभागार में विभिन्न राष्ट्रवादी संघटनों के साथ में नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती समारोह श्रद्धा आस्था एवं उल्लास के साथ मनाया गया।आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावक ,शिक्षाविद, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।मांटेसरी कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस भारत के सर्वोच्च वीर पुरुष थे जिन्होंने अपने शौर्य एवं पराक्रम से अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए और अंग्रेजों को भारत छोड़ कर भागना पड़ा था। हम सब सामूहिक रूप से देश की एकता व अखंडता के लिए मिलकर काम करे ताकि नेताजी के सपनों का भारत बना रह सके।विशिष्ट अतिथि प्रख्यात सनातन विचारक यशवेंद्र विक्रम सिंह राजा भैय्या ने कहा कि नेताजी असाधारण महापुरुष थे जिन्होंने देश की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और सीमित संसाधनों में युवाओं में प्रचंड राष्ट्रवाद की भावना जगाकर भारत को एकजुट करते हुए अंग्रेजी दासता से मुक्ति दिलाई। राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच भारत के राष्ट्रीय संरक्षक व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माननीय, आदरणीय, ह्रदय सम्राट संजय कुमार श्रीवास्तव भैया जी के निर्देशन में राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के प्रदेश सचिव पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हम सभी के प्रेरणा स्त्रोत है।संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने नेताजी को युवाओ का आदर्श बताते हुए युवाओं से संगठित होकर समाज धर्म व राष्ट्र को मजबूत बनाने का आवाहन किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए मालवीय मिशन अध्यक्ष अवध क्षेत्र संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर कर सनातन धर्म को मजबूत व संगठित करने का काम हम सबको मिलकर प्रभावी रूप से करना चाहिए तभी हम भारत को विश्वगुरु के पथ पर विभूषित कर सकेंगे यही नेता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।सहित्य परिषद महामंत्री रमेश तिवारी ने ओजस्वी कविता का पाठ कर लोगो में जोश भर दिया।

# राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के द्वारा मनाई गई महा नायक सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती

प्रदेश स्वराज ● संजय कुमार

फर्रूखाबाद अमृतपुर -पूरे भारत देश मे 23 जनवरी कोपराक्रम दिवस के रूप मे मनाया जाता है। भारत सरकार द्वारा 2021 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयन्ती से पहले इस दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गयी थी। जिसके बाद प्रति वर्ष 23 जनवरी को अपना सारा जीवन देश के नाम करने वाले महानायक और आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप मे बड़ी ही भव्यता से मनाया जाता है।कस्बा अमृतपुर मे राष्ट्रीय कायस्थ एकता मंच के द्वारा बाबू जी फैमिली ढाबा पर आजादी के महा नायक सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती मनाई गई। और



उनके त्याग और कठिन परिश्रम को याद किया गया। राष्ट्रीय सचिव मृदुल सक्सेना ने नेता जी को याद करते हुए कहा कि नेता जी का देश की आजादी मे अहम योगदान रहा। उन्हीने सही मायने मे अंग्रेजी हूकूमत से डट के मुकाबला किया और विपरीत परिस्थियों मे विदेश मे जाके आजाद हिन्द फौज की स्थापना की। और अंग्रेजो के खिलाफ हजारों की फौज खड़ी कर दी। जिसमे पुरुषो के साथ साथ महिला सिपाही भी तैनात रही। लेकिन सर्वोच्च त्याग के बाबजूद भी नेता जी को जो सम्मान मिलना चाहिए था वो नहीं मिल सका। मौके पर युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सक्सेना,शिवम् सक्सेना, बादल सक्सेना,रवि सक्सेना,राजन सक्सेना, अंशुल सक्सेना, शोभित सक्सेना, अनुभव सक्सेना,शीलू सक्सेना,लकी सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# Triumphal Arch Academy

Run by : Seth Anil Kumar Educational Society, Burhanpur (M.P.)

**ALLEN** CREATES TOPPERS क्योंकि **TRIUMPHAL** है... तो मुमकिन है

BEST SYSTEM | BEST FACULTIES | BEST PERSONAL CARE | BEST RESULTS




**ALLEN'S Pre Nurture & Career Foundation**

Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Social Science, English & Mental Ability as per CBSE Syllabus, NTSE, NSES & other OLYMPIADS

## हमारी विशेषताएं

- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक।
- कक्षा 6 वी से ALLEN एक्सपर्ट फेकल्टी द्वारा शिक्षण एवं प्रतियोगी परीक्षा जैसे ओलिंपियाड, JEE, NEET हेतु विशेष मार्गदर्शन।
- क्षेत्र का उत्कृष्ट कॉमर्स, विज्ञान संकाय।
- इंडोर एवं आउटडोर खेल सुविधा।
- प्रदुषण मुक्त प्राकृतिक वातावरण।
- CA, CS एवं CLAT हेतु विशेष संध्याकालीन कक्षाएं।
- सुसज्जित प्रयोगशालाएं : फिजिक्स, बायोलॉजी, केमेस्ट्री एवं कम्प्यूटर।
- CCTV एवं GPS युक्त बस सुविधा।
- पूर्णतः CCTV सुरक्षित परिसर।
- सतत् 100% परीक्षा परिणाम।










9770529296, 8109105944, 7000612019

Renuka Mata Road, Opp. Polytechnic College, Burhanpur (M.P.)

www.triumphalarch.in Triumphalarch_academy Triumphal arch academy


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक दिनेश शिवहरे द्वारा डिजीटल पब्लिकेशन कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स अमरावती रोड , जिला बुरहानपुर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सुभाष नगर, लालबाग रोड जिला बुरहानपुर (म.प्र) से प्रकाशित।
संपादक - दिनेश शिवहरे * (सभी वाद-विवाद बुरहानपुर न्यायालय के अंतर्गत रहेगा।)